हापुड़ पुलिस

UTTAR PRADESH 112 EMERGENCY

प्रेस नोट

थाना - साइबर क्राइम **दिनांक 24-06-2024**

- **थाना साइबर क्राइम पुलिस टीम ने ऑनलाइन फ्रॉड/ ठगी कर खातों से निकलने वाले रूपये वापस कराकर पीड़ित/ पीड़िताओं के चेहरे पर लौटाई मुस्कान ।**
- **प्रचलित वर्ष-2024 में अब तक साइबर ठगों द्वारा विभिन्न माध्यमों से 28 पीड़ितों के साथ की गई ऑनलाइन ठगी में करीब 21,01,725/- रूपये कराये वापस ।**

संक्षिप्त विवरणः-

प्रचलित वर्ष-2024 में पीड़ित/पीड़िताओं द्वारा जनपद के विभिन्न थानों/थाना साइबर क्राइम पर ऑनलाइन फ्रॉड/झांसा/ठगी होने के सम्बन्ध में प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिनके त्वरित निस्तारण हेतु श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा थाना साइबर क्राइम पुलिस टीम को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये।

कार्यवाहीः-

श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय के आदेशानुसार जनपद में धोखाधडी/साइबर सम्बन्धी अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण/अंकुश लगाये जाने हेतु चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत थाना साइबर क्राइम पुलिस टीम द्वारा व्यापक स्तर पर त्वरित कार्यवाही करते हुए विभिन्न बैंको/पेमेन्ट गेटवे/मर्चेन्ट से सम्पर्क कर प्रचलित वर्ष-2024 (दिनांक 01.01.2024 से 20.06.2024 तक) में साइबर ठगी के शिकार हुए 28 पीड़ितों के 21,01,725/- रूपये वापस कराये गये हैं।

पीड़ित/पीड़िताओं की धनराशि वापस होने पर उनके द्वारा हापुड़ पुलिस का आभार प्रकट करते हुए भूरि-भूरि प्रबंसा की गई है।

साइबर फ्राड से बचाव के तरीके

- किसी भी अनजान लिंक पर क्लिक न करें।
- ग्रुप पर आने वाले विज्ञापनों पर भरोसा न करें।
- वर्क फ्राम होम के विज्ञापन देखकर लालच में न पड़ें।
- टेलीग्राम टास्क फ्राड से बचे।
- क्रडिट कार्ड लिमिट बढाने आदि को लेकर आने वाली कॉल पर कोई भी डिटेल एवं ओटीपी शेयर न करें।
- किसी भी सोशल साइट पर बिना पूर्ण जानकारी के किसी भी ग्रुप (टेलीग्राम व व्हाटसअप आदि) से न जुड़े।
- किसी के कहने पर कोई रिमोट एक्सेस एप जैसे एनीडेस्क/टीम व्यूबर आदि डाउनलोड न करें।
- सोशल मीडिया से सम्बन्धित ऐपलीकेशन में सुरक्षा हेतु टू-स्टेप आथेन्टिकेशन का हमेशा प्रयोग करें।
- किसी भी कस्टमर केयर नम्बर को गूगल पर सर्च करते समय उसकी सही से जांच करने के बाद ही बात करें।
- किसी भी अनजान एप्लीकेशन को डाउनलोड करने से पहले उसकी सही जानकारी/सत्यता की जांच करें।
- जॉब, लोन, टॉवर लगाने एवं लाटरी आदि के नाम पर यदि कोई पैसों की मांग करता है तो आपके साथ फ्राड हो सकता है।
- सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर किसी भी अनजान व्यक्ति से चेट/वीडियो कॉल करने से बचें।

साइबर वित्तीय फ्राड होने पर तत्काल हेल्पलाइन नम्बर 1930 पर कॉल करें या अन्य कोई भी साइबर फ्राड होने पर वेबसाइट www.cybercrime.gov.in पर ऑनलाइन शिकायत दर्ज कराये।